दिन– सोमवार | दिनांक– 25 / 05 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छियासठ विभूतियों को वर्ष, दो हजार छब्बीस के पद्म पुरस्कारों से अलंकृत किया। बिहार की तीन विभूतियों को मिला पदम्श्री।

02. सीबीएसई पाठ्यक्रम में शामिल होगी मैथिली भाषा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केन्द्र सरकार की पहल को बताया ऐतिहासिक।

03. राज्य सरकार ने कहा– मध्य एशिया में जारी संकट के कारण बढ़ रही है पेट्रोल डीजल की कीमत।

04. और, मौसम विभाग ने सुपौल, अररिया, किशनगंज समेत राज्य के उत्तर–पूर्वी भागों में अधिकांश स्थानों पर आंधी के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में छियासठ विशिष्ट लोगों को वर्ष, दो हजार छब्बीस के लिए पद्म पुरस्कारों से अलंकृत किया। बिहार की तीन विभूतियों को पदम् पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक डॉ. गोपाल जी त्रिवेदी को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए मरणोपरांत पदम्श्री से सम्मानित किया गया। उनके पुत्र रमन कुमार त्रिवेदी ने पुरस्कार ग्रहण किया।

–––बाइट–––

वहीं, डोमकच लोक नृत्य परंपरा को मुख्यधारा में लाने वाले पुरोधा विश्वबंधु को मरणोपरांत पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उनकी पत्नी इंदु देवी ने पुरस्कार ग्रहण किया।

–––बाइट–––

भोजपुरी लोक गायक भरत सिंह भारती को कला और लोक गायन के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए पद्मश्री दिया गया।

———बाइट———

समारोह में उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह, केन्द्रीय मंत्रिमंडल के कई सदस्य और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

---

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड– सीबीएसई के पाठ्यक्रम में कक्षा एक से लेकर माध्यमिक स्तर तक मैथिली भाषा को मातृभाषा विषय के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। शैक्षणिक सत्र दो हजार छब्बीस–सत्ताईस से पाठ्यक्रम में मैथिली को सम्मिलित कर लिया गया है। दरभंगा के सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर ने बताया कि केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री जयंत चौधरी ने उन्हें इस संबंध में पत्र भेजा है। श्री ठाकुर ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद किया।

———बाइट———

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मैथिली को सीबीएसई के पाठ्यक्रम में मैथिली को मातृभाषा के रूप में मान्यता देने की केन्द्र सरकार के पहल का स्वागत किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह गौरव का विषय है। इससे मिथिला की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और मातृभाषा मैथिली को शिक्षा व्यवस्था में सशक्त स्थान मिलेगा। मुख्यमंत्री श्री चौधरी ने कहा कि केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई के इस फैसले से मिथिला की सांस्कृतिक अस्मिता और भाषाई गौरव बढेगा।

---

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज लोक भवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत सैयद अता हसनैन से मुलाकात की। इस दौरान राज्य में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे कामों को लेकर चर्चा की। साथ ही विभिन्न विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था बेहतर बनाने के मुद्दे पर पर विमर्श किया गया।

---

तेल विपणन कम्पनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी की है। पेट्रोल दो रुपये इकसठ पैसे और डीजल दो रुपये इकहत्तर पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया है। पिछले दो सप्ताह में तेल के मूल्यों में चौथी बार वृद्धि हुई है। पटना में पेट्रोल एक सौ तेरह रुपये पैंतीस पैसे और डीजल निन्यानवे रुपये छत्तीस पैसे प्रतिलीटर हो गया है।

---

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि पेट्रोल और डीजल के दामों में बढ़ोतरी से किसी को आश्चर्य नही होना चाहिए। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि सभी को पता है कि हॉर्मूज स्ट्रेट प्रभावित होने से कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। जिसका प्रभाव ईंधन की कीमतों पर पड़ रहा है।

———बाइट———

---

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी को अंतर्राष्ट्रीय स्थिति का परिणाम बताया है। डॉक्टर कुमार ने कहा कि सरकार स्थिति पर नजर बनाये हुए है और जल्द ही इसपर नियंत्रण कर लिया जायेगा।

———बाइट———

---

बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन सहकारी संघ की ओर से पटना में एक दिवसीय क्रेता–विक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान तीन कंपनियों के साथ समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किये गए। इस अवसर पर सहकारिता मंत्री रामकृपाल यादव मौजूद रहे। श्री यादव ने कहा कि विकसित बिहार बनाने के लिए किसानों का सशक्त होना जरूरी है।

–––बाइट–––

---

सर्वोच्च न्यायालय ने नीट परीक्षा में बार–बार हो रही चूक पर चिंता जताते हुए कहा कि यह खेदजनक है कि राष्ट्रीय परीक्षा जांच एजेंसी दृ एन.टी.ए. ने पिछले पेपर लीक विवाद से कोई सबक नहीं सीखा है। एक रिपोर्ट–

–––बाइट–––

न्यायाधीश पी.एस. नरसिम्हा और आलोक अराधे की पीठ ने केंद्र सरकार, राष्ट्रीय जांच एजेंसी और केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरों से उन याचिकाओं पर जवाब मांगा है, जिनमें मेडिकल प्रवेश परीक्षा आयोजित करने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी की जगह किसी सशक्त और स्वायत्त संस्था को लाने की मांग की गई है। न्यायालय ने एजेंसी को बृहस्पतिवार तक हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। याचिकाओं में आरोप लगाया गया है कि बार–बार पेपर लीक होने से 22 लाख से ज़्यादा विद्यार्थियों के अधिकारों पर असर पड़ा है। इस महीने की तीन तारीख को आयोजित नीट–यूजी परीक्षा, पेपर लीक के आरोपों के बाद रद्द कर दी गई थी। समाचार कक्ष से मैं मुकेश कुमार बल।

---

वार्षिक हज यात्रा के लिए भारत सहित दुनिया भर से लाखों जायरीन सऊदी अरब के मिना में इकट्ठा हो रहे हैं। पवित्र शहर मक्का से अपनी यात्रा शुरू कर रहे जायरीन मिना की टेंट–सिटी रात बिताएंगे और कल तडके अराफ़ात के मैदान की ओर बढ़ेंगे, जहाँ वे हज के मुख्य अनुष्ठान में भाग लेंगे। इस वर्ष हज यात्रा में बिहार के दो हजार पांच सौ बावन हज यात्री समेत देशभर के लगभग एक लाख पचहत्तर हज़ार यात्री भाग ले रहे हैं।

---

राज्य के दक्षिणी भागों में भीषण गर्मी और उत्तरी भागों में आंधी बारिश की स्थितियां बनी हुई हैं। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, अररिया, पूर्णिया, कटिहार, सुपौल समेत राज्य के उत्तर–पूर्वी भागों में आंधी के साथ्ज्ञ भारी बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान कुछ स्थानों पर वज्रपात हो सकता है।

———बाइट———

इधर, बक्सर, भोजपुर, रोहतास, कैमूर, औरंगाबाद और गया समेत राज्य के दक्षिण–पश्चिम और दक्षिण–मध्य भागों भीषण गर्मी और लू से जनजीवन बुरी तहर प्रभावित है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान गया और रोहतास जिले में हॉट डे की स्थिति बनी रही। रोहतास के डेहरी में अधिकतम तापमान चौवालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि राज्य के दक्षिणी भागों में गर्मी से राहत के आसार अभी नहीं है।

———————————————————————

भीषण गर्मी के कारण मुंगेर जिले के संग्रामपुर में प्लस टू बालिका विद्यालय की सात छात्राओं की तबीयत बिगड़ गई। बीमार छात्राओं का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अलाज चल रहा है। प्रभारीय चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर एसएस राय ने बताया कि लू लगने के कारण छात्राएं बेहोश हो गई। अब उनकी हालत में सुधार है।

———————————————————————

पटना के ज्ञान भवन में आज तीन दिवसीय स्वास्थ्य एवं संबद्ध क्षेत्र रोजगार मेला दो हजार छब्बीस का शुभारंभ हुआ। युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत आयोजित इस मेले का उद्‌घाटन विभागीय मंत्री अरूण शंकर प्रसाद ने किया। सत्ताईस मई तक चलने वाले इस मेले पहले दिन तेरह हजार से अधिक युवाओं ने भाग लिया, जिनमें अठारह सौ छिहत्तर अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों के द्वारा चयन किया गया।

———————————————————————

गोपालगंज की एमपी–एमएलए कोर्ट ने अश्लील नृत्य और हथियार लहराने से जुड़े मामले में मोकामा के विधायक अनंत सिंह की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है।

अदालत ने इस मामले में अग्रीम जमानत का फैसला सुरक्षित रखा है। मामले की अगली सुनवाई तीस मई को होगी। गौरतलब है कि गोपालगंज जिला के मीरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सेमराव गांव में दो और तीन मई को एक कार्यक्रम के दौरान अनंत सिंह की मौजूदगी में समर्थकों के अश्लील गीतों पर हथियारों के साथ डांस करने का वीडियों वायरल हुआ था।

---

निगरानी विभाग की टीम ने बेगूसराय के सहायक नियंत्रण नाप–तौल कार्यालय में कार्यरत लिपिक पुष्कर कुमार द्विवेदी को पांच हजार रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। निगरानी विभाग के डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि आरोपी नाप–तौल लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए रिश्वत की मांग कर रहा था। उन्होंने बताया कि आगे की पूछताछ की जा रही है।

---

अररिया जिले में बकरीद पर्व को लेकर अनुमंडल और थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही समाजसेवी और बुद्धिजीवी शामिल हुए। वहीं, जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में आधा दर्जन फरार वारांटी अपराधियों के खिलाफ कुर्की जब्ती की कार्रवाई की गई।

---

शेखपुरा जिले में डिजिटल इंडिया मूवमेंट के तहत पुलिसकर्मियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्याशाला का आयोजन किया गया।

---

पश्चिम चंपारण के इनरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत भारत–नेपाल सीमा के करीब एसएसबी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में नशीली दवाओं की बड़ी खेप बरामद की गई है। इस संबंध में दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है।

अररिया जिले के रानीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत हसनपुर गांव में नदी में डूबने से एक युवती की मौत हो गई।

नवादा के पुलिस केन्द्र के पास गया–नवादा रोड पर एक तेज रफ्तार ई–रिक्शा की टक्कर से सड़क पार कर रहे पुलिस के एक सौ बारह वाहन के चालक की मौत हो गई।

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने छियासठ विभूतियों को वर्ष, दो हजार छब्बीस के पद्म पुरस्कारों से अलंकृत किया। बिहार की तीन विभूतियों को मिला पदम्श्री।

02. सीबीएसई पाठ्यक्रम में शामिल होगी मैथिली भाषा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने केन्द्र सरकार की पहल को बताया ऐतिहासिक।

03. राज्य सरकार ने कहा– मध्य एशिया में जारी संकट के कारण बढ़ रही है पेट्रोल डीजल की कीमत।

04. और, मौसम विभाग ने सुपौल, अररिया, किशनगंज समेत राज्य के उत्तर–पूर्वी भागों में अधिकांश स्थानों पर आंधी के साथ भारी बारिश की चेतावनी जारी की।

**समाप्त**